>

Title: Need to expedite the construction of building for Kendriya Vidyalaya in Mashrakh, district Saran, Bihar-Laid.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष महोदय, बिहार प्रांत के सारण जिला अंतर्गत मशरक में केन्द्रीय विद्यालय केन्द्र सरकार द्वारा खोला गया है, परन्तु मशरक केन्द्रीय विद्यालय के पास अभी तक अपना भवन नहीं है। विगत 5 वर्षों से विद्यालय मशरक महाविद्यालय के भवन में चल रहा है जिसकी वजह से छात्रों एवं शिक्षकों को काफी कठिनाई हो रही है और पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है। विगत कुछ वर्षों में मशरक केन्द्रीय विद्यालय में छात्रों की संख्या काफी बढ़ गई है परन्तु भवन के अभाव में उन्हें शिक्षा अध्ययन में काफी कठिनाई हो रही है, जबकि राज्य सरकार द्वारा विद्यालय भवन हेतु जमीन का हस्तान्तरण किया जा चुका है।

मशरक केन्द्रीय विद्यालय के भवन निर्माण की स्वीकृति हो चुकी है तथा मशरक केन्द्रीय विद्यालय बनाने की जिम्मेवारी सीपीडब्ल्यूडी को दी गई है परन्तु सीपीडब्ल्यूडी द्वारा अभी तक डीपीआर भी नहीं बनाया है जिसकी वजह से विद्यालय भवन निर्माण हेतु आ तक निविदा नहीं निकाला गया है। सीपीडब्ल्यूडी की शिथिलता की वजह से भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। महाविद्यालय के भवन में विद्यालय चलने से विद्यालय और महाविद्यालय दोनों संस्थाओं के छात्र और शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि बिहार प्रांत के सारण जिला अंतर्गत मशरक स्थित केन्द्रीय विद्यालय का भवन निर्माण शीघ्र कराने हेतु सीपीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया जाये ताकि विद्यालय में पठन-पाठन सुचारू रूप से चल सके।